हिन्दुस्तान
शुक्रवार, 21 फरवरी 2025, बरेली
• पांच प्रदेश • 24 संस्करण
www.livehindustan.com
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

**PAGE NO 5 : MIDDLE**




विशाल राज को दी गई मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी। • हिन्दुस्तान

# हरदोई स्ट्राइकर्स और आईके कलेक्शन ने जीते मैच

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा दिन
- बार- बार बारिश की बाधा से 17-17 ओवर के खेले गए गुरुवार के दोनों मैच

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन के तीसरे दिन गुरुवार को ग्रुप सी में हरदोई स्ट्राइकर्स और आईके कलेक्शन बरेली की टीमें विजेता रहीं।

गुरुवार को बार-बार बारिश के बाधा डालने की वजह से अंपायरों ने दोनों मैच को 20 के स्थान पर 17-17 ओवर का निर्धारित किया। इसमें हरदोई स्ट्राइकर्स ने ओएसिस क्रिकेट एकेडमी को एक रन से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की, जबकि एकतरफा मैच में आईके कलेक्शन ने गज ग्रीन बरेली को 8 विकेट से हराया। पहले मैच में सिर्फ दो ओवर में 5 विकेट लेने वाले हरदोई के गेंदबाज विशाल राज को और दूसरे मैच में तीन विकेट लेने वाले आईके कलेक्शन के गेंदबाज पर्व सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट में शुक्रवार को सातवां मैच सुबह नौ बजे हाइटेक हॉस्पिटल वाराणसी बनाम स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली और आठवां मैच दोपहर 12.30 बजे ठेकेदार इलेवन बरेली बनाम राजश्री क्लब बरेली होगा।